N.12 : आरआरकेट में माह जनवरी, 2014 से जून, 2014 तक की अवधि के दौरान हिन्दी के प्रचार–प्रसार से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार के क्षेत्र में किए गए कार्यों तथा प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नानुसार है :–

1. **विश्व हिन्दी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन :** आरआरकेट की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से विश्व हिन्दी दिवस, राजभाषा वार्ता एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार 10 जनवरी, 2014 को अपराह्न 3.00 बजे आरआरकेट के मुख्य सभागृह में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गणेश चन्द्र पाण्डेय, वरिष्ठ महाप्रबंधक, भारत संचार निगम लिमिटेड, इन्दौर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनिल रावत, प्रमुख, कम्प्यूटर प्रभाग, आरआरकेट ने की। उक्त समारोह में केन्द्र की राजभाषा कार्यन्वयन समिति के अध्यक्ष श्री बी.के. जेना, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री मनोज शर्मा ने 'लोक सेवा में नैतिकता' विषय पर रोचक वार्ता प्रस्तुत की। इस अवसर पर हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

2. **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें :–** राभाकास की 100वीं एवं 101वीं बैठक का आयोजन क्रमश: दिनांक 10.02.2014 एवं दिनांक 26.06.2014 को किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

3. **हिन्दी कार्यशाला का आयोजन :–** दिनांक 28.02.2014 को केन्द्र में नए भर्ती किए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 18 प्रतिभागियों (01 अधिकारी एवं 17 कर्मचारी) को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में संघ की राजभाषा नीति, आचरण नियमावली, पेंशन, आरटीएफ, छुट्टी यात्रा रियायत, लेखा से संबंधित विभिन्न मुद्दे आदि विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए गए। इसी प्रकार दिनांक 11.04.2014 को बीएआरसी प्रशिक्षण विद्यालय के प्रशिक्षणार्थी वैज्ञानिक अधिकारियों के लिए पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 18 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में संघ की राजभाषा नीति, आचरण नियमावली, पेंशन, आरटीएफ, छुट्टी यात्रा रियायत, लेखा से संबंधित विभिन्न मुद्दे आदि विषयों पर व्यायान आयोजित किए गए। कार्यशाला में प्रशिक्षित सभी कर्मचारियों से अपने रोजमर्रा के सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग करने का अनुरोध किया गया है।

4. **हिन्दी पुस्तकों की खरीद :–** उक्त अवधि के दौरान कुल 43940/– रुपये की हिन्दी पुस्तकों की खरीद की गई।

5. केन्द्र में विज्ञान दिवस समारोह पर केन्द्र में चल रहीं गतिविधियों से संबंधित विवरणिका को हिन्दी में तैयार किया गया।

6. इसके अलावा विज्ञान मंथन यात्रा, स्थापना दिवस समारोह आदि के बैनर तथा आमंत्रण पत्र हिन्दी में तैयार किए गए।

विश्व हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री जी.सी. पाण्डेय, वरिष्ठ महाप्रबंधक, बीएसएनएल, डॉ. अनिल रावत, प्रमुख, कंप्यूटर प्रभाग एवं श्री बी.के. जेना, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं अध्यक्ष राजभाषा कार्यान्वयन समिति।

मनोज कुमार शर्मा, उपनिदेशक (राजभाषा)
(manojsharma@rrcat.gov.in)